# चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी

सीधी भर्ती परीक्षा

# प्रैक्टिस पेपर सेट-1

**कुल प्रश्न : 120** | **समय : 120 मिनट** | **कुल अंक : 200**

## सामान्य हिन्दी

1. **'हमें स्वराज्य मिल गया' वाक्य में कौन-सा काल है ?**
(A) सामान्य भूतकाल (B) संभाव्य भविष्यत्
(C) संभाव्य भूतकाल (D) आज्ञार्थ वर्तमान

2. **निम्नलिखित में से जिस मुहावरे का अर्थ–'सदैव एक-सी स्थिति' के लिए उपयुक्त है, उस मुहावरे का चयन करें—**
(A) ढाक के तीन पात (B) तीन लोक से मथुरा न्यारी
(C) तुरन्त दान महा कल्याण (D) जिसकी लाठी उसकी भैंस

3. **विभिन्न वस्तुओं की नीलामी, सामान के क्रय-विक्रय अथवा सार्वजनिक कार्य सम्पन्न करवाने हेतु सरकार द्वारा विभिन्न समाचार पत्रों में दिये जाने वाले विज्ञापन को क्या कहते हैं?**
(A) अधिसूचना (B) परिपत्र
(C) प्रेस विज्ञप्ति (D) निविदा

4. **'आवट' प्रत्यय से कौनसा शब्द नहीं बना है?**
(A) सजावट (B) रूकावट
(C) तरावट (D) गुर्राहट

5. **'बच्चों के लिए बाजार से कुछ ले आना' वाक्य निम्न में से किस सर्वनाम से संबंधित है?**
(A) निजवाचक सर्वनाम (B) प्रश्नवाचक सर्वनाम
(C) अनिश्चयवाचक सर्वनाम (D) संबंधवाचक सर्वनाम

6. **निम्न में से कौन-सा शब्द "Deputation" का हिंदी पर्याय है?**
(A) नियुक्ति (B) प्रतिनियुक्ति
(C) तदर्थ नियुक्ति (D) पदोन्नति

7. **'पुनर्जन्म' में कौनसी संधि है—**
(A) विसर्ग संधि (B) स्वर संधि
(C) व्यंजन संधि (D) अयादि संधि

8. **'मान न मान, मैं तेरा मेहमान' का अर्थ है—**
(A) हैसियत से अधिक शौक (B) अवसर के अनुसार आचरण
(C) मेहमानदारी में कमी (D) जबर्दस्ती गले पड़ना

9. **'घोड़ा दौड़ रहा है' वाक्य में क्रिया है—**
(A) अकर्मक क्रिया (B) सकर्मक
(C) पूर्वकालिक (D) संयुक्त क्रिया

10. **निम्न में से 'नप्तृ' शब्द का तद्भव शब्द क्या होगा?**
(A) नाती (B) नाई (C) नाच (D) नखत

11. **इनमें से किस वर्ग में सभी शब्द पर्याय नहीं है?**
(A) दक्ष, कुशल, निपुण (B) शेषशायी, चक्रपाणि, चतुरानन
(C) विधि, विरंचि, विधना (D) त्रास, भय, भीति

12. **किस विकल्प में विलोम युग्म है?**
(A) सम्मुख - विमुख (B) संन्यास - संन्यासी
(C) असमय - असीम (D) कुसुम - कुसंग

13. **'जिसका वर्णन नहीं हो सकता' वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द है—**
(A) अवर्ण्य (B) अल्पभाषी (C) अभेद्य (D) दर्शनीय

14. **'अक्ल पर पत्थर पड़ना' मुहावरे का अर्थ है—**
(A) प्रतिभावान होना (B) बुद्धिमान होना
(C) बुद्धिभ्रष्ट होना (D) मूर्ख होना

15. **'मोहन ने अविनाश को पढ़ाया' वाक्य में कौनसी क्रिया है—**
(A) प्रेरणार्थक (B) संयुक्त क्रिया (C) अकर्मक (D) सकर्मक

16. **निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य शुद्ध है?**
(A) मोहन से यह काम सम्भव नहीं हो सकता।
(B) कृपया आप पधारने का अनुग्रह करें।
(C) सीमा गाने का अभ्यास कर रही है।
(D) भाइयों ! हम अन्याय सहन नहीं करेंगे।

17. **निम्नलिखित शब्दों पर विचार कीजिए—**
**1. अग्लिकरण** **2. आर्शिवाद**
**3. राजाधिष्ठान** **4. सदुपदेश**
**किस विकल्प में सभी शब्द शुद्ध हैं?**
(A) 2, 3, 4 (B) 3, 4
(C) 1, 2, 4 (D) 1, 2, 3

18. **'लगभग दस विद्यार्थी प्रधानाचार्य से मिले थे।' वाक्य में 'प्रविशेषण' कौनसा है?**
(A) मिले थे (B) विद्यार्थी
(C) प्रधानाचार्य (D) लगभग दस

19. **'निपुणता' शब्द किससे बनी हुई भाववाचक संज्ञा है?**
(A) विशेषण (B) क्रिया
(C) अव्यय (D) सर्वनाम

20. **निम्नलिखित में से 'रात' शब्द का पर्यायवाची शब्द है—**
(A) भारती (B) दिनेश
(C) प्रभाकर (D) निशा

## सामान्य अंग्रेजी

21. **One of the boys saved his son.**
**The Passive Voice of the above sentence is:**
(A) His son was saved by one of the boys.
(B) His son was saved.
(C) His son was being saved.
(D) His son was being saved by one of boys.

22. ***Fill in the blank:***
**At this time tomorrow I .......... (entertain) my friends.**
(A) will be entertaining (B) shall be entertaining
(C) will entertain (D) shall entertain

23. **''उल्लंघन करते हुए''– (Translate into English)**
(A) in lieu of (B) in contract with
(C) in contravention of (D) in compliance with

24. ***Fill in the blank with the correct English and Hindi version of the technical term:***
**The officer failed to provide an . . . certificate in time.**
**अधिकारी समय पर . . . प्रमाण पत्र नहीं दे पाये।**
(A) abetment — दुष्प्रेरण
(B) abnormal demand — अनुचित मांग
(C) abolishment — उन्मूलन
(D) abatement — कटौती

25. **मेरा बड़ा भाई इंजीनियर बनना चाहता है—**
(A) My brother wants to be a big engineer.
(B) My big brother wants to become an engineer.
(C) My elder brother wants to become an engineer.
(D) My elder brother is wanting to become an enginner.

26. ***Translate the following sentences into Hindi, choosing the correct alternative from the options given;***
**Everybody enjoys equal rights in India.**
(A) भारत में सब लोगों को समान अधिकार प्राप्त हैं।
(B) भारत में सब लोग समान अधिकार का आनन्द लेते हैं।
(C) समान अधिकार भारत के लोगों का आनन्द है।
(D) भारत में सब लोगों को अधिकार प्राप्त है।

27. ***Choose the correct Hindi translation of the given sentence :***
**At last he realized his mistakes.**
(A) आखिर में उसे यह गलतियाँ समझी।
(B) आखिरकार उसको गलतियाँ समझ में आई।
(C) आखिरकार उसको अपनी गलतियाँ समझ में आई।
(D) आखिर में वह जान गया कि गलती क्या है।

28. ***Choose the correct preposition to fill in the blank.***
**She had no other claim to the post . . . her good looks:**
(A) but (B) than (C) so (D) then

29. ***Complete the following sentence by choosing the correct answer from the given options :***
**. . . tiger is in danger of extinction—**
(A) A (B) One (C) Any (D) The

30. ***Fill in the blank with an appropriate word from the options given below:***
**The . . . of the new medication was loss of appetite.**
(A) affect (B) effect
(C) affect was (D) effect was

31. **Each of the Girl Scouts . . . a community project—**
(A) does (B) do
(C) participates (D) participate

32. ***Change from Exclamatory to Assertive—***
**What a marvellous painting he made!**
(A) Did he make a marvellous painting.
(B) He made a very marvellous painting.
(C) He makes a marvellous painting.
(D) He will make a marvellous painting.

33. ***Choose the correct indirect speech of the following sentence from the given options—***
**She said to him, "Are you fine?"**
(A) She asked that if you fine.
(B) She asked him if he is fine.
(C) She told him whether you are fine.
(D) She asked him whether he was fine.

34. ***Choose the correct passive voice of the following sentence, from the options below:***
**Anita saw a picture.**
(A) A picture was seen by Anita.
(B) A picture is seen by Anita.
(C) A picture has been seen by Anita.
(D) A picture had been seen by Anita.

35. **No sooner did he .......... (reach) the station than the train (go).**
(A) reached/went (B) reaches/goes
(C) reach/went (D) reach/had gone

## सामान्य ज्ञान

**[भूगोल, इतिहास, कला-संस्कृति (राजस्थान), भारतीय संविधान, राजस्थान की राजनीतिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था, सामान्य विज्ञान, सम-सामयिकी, कम्प्यूटर]**

36. **2011 की जनगणना के अनुसार राजस्थान में ग्रामीण महिला साक्षरता दर है—**
(A) 49.6% (B) 52.1% (C) 45.8% (D) 41.3%

37. **जवाई बाँध योजना से सिंचित जिले हैं—**
(A) पाली और जालौर (B) पाली और बाड़मेर
(C) सिरोही और जालौर (D) सिरोही और पाली

38. राजस्थान राज्य का क्षेत्रफल है—
(A) 3,40,239 वर्ग किमी. (B) 3,41,239 वर्ग किमी.
(C) 3,42,239 वर्ग किमी. (D) 3,43,239 वर्ग किमी.

39. जयपुर मेट्रो रेल सेवा की शुरुआत किस वर्ष हुई?
(A) 2014 (B) 2015 (C) 2016 (D) 2017

40. नवीनतम वन रिपोर्ट–2021 के अनुसार राज्य के कुल वन क्षेत्र में सर्वाधिक एवं न्यूनतम वन क्षेत्र वाले जिले क्रमशः है?
(A) अलवर व हनुमानगढ़ (B) प्रतापगढ़ व जोधपुर
(C) उदयपुर व जोधपुर (D) उदयपुर व चूरू

41. पश्चिमी राजस्थान में सबसे अधिक व विस्तृत क्षेत्र में पाई जाने वाली मिट्टी है—
(A) रेतीली मिट्टी (B) कच्छारी मिट्टी
(C) मध्यम काली मिट्टी (D) लाल व पीली मिट्टी

42. राजस्थान में, बागर और मरु .... के नाम हैं।
(A) जल-निकासी व्यवस्था (B) भौगोलिक क्षेत्र
(C) सांस्कृतिक क्षेत्र (D) जिलों

43. राजस्थान में वर्ष 2023-24 में सकल राज्य मूल्य वर्धन में प्रचलित मूल्यों पर उद्योग क्षेत्र का योगदान कितने प्रतिशत रहा?
(A) 26.72% (B) 28.21%
(C) 29.84% (D) 45.07%

44. राजस्थान राज्य खनिज विकास निगम लि. का विलय राजस्थान राज्य खान एवं खनिज लि. में कब हुआ?
(A) 20 जनवरी 1990 (B) 26 दिसम्बर 1995
(C) 1 मार्च 2000 (D) 19 फरवरी 2003

45. मुख्यमंत्री पशुधन निःशुल्क योजना कब लागू की गई—
(A) 15 अगस्त, 2012 से (B) 2 अक्टूबर, 2012 से
(C) 26 जनवरी, 2012 से (D) 2 अक्टूबर, 2011 से

46. राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (एन.एफ.एस.एम.) में केन्द्रीयांश एवं राज्यांश का वित्त पोषण अनुपात क्रमशः है—
(A) 50 : 50 (B) 60 : 40
(C) 70 : 30 (D) 80 : 20

47. राजस्थान की पहली कपड़ा मिल–कृष्णा मिल, ब्यावर की स्थापना निम्नलिखित में से किस वर्ष में की गई थी—
(A) 1906 में (B) 1925 में
(C) 1938 में (D) 1889 में

48. राजस्थान में 'गोल्डन सिटी' के नाम से प्रसिद्ध नगर है?
(A) जयपुर (B) जोधपुर (C) जैसलमेर (D) बीकानेर

49. राजस्थान में 'मावठ' वर्षा होती है—
(A) अरब सागरीय चक्रवात से (B) भूमध्य सागरीय चक्रवात से
(C) बंगाल खाड़ीय मानसून से (D) प्रत्यावर्ती मानसून से

50. आपदाओं से सम्बन्धित कुछ प्रभाव है—
(A) मनोवैज्ञानिक आघात
(B) जीवन चक्र में गिरावट
(C) आर्थिक और सामाजिक संरचना पर प्रतिगामी प्रभाव
(D) उपरोक्त सभी

51. बिजराल की पहाड़ियों से निकलने वाली खारी नदी निम्नलिखित में से किस अपवाह तंत्र का भाग है?
(A) बंगाल की खाड़ी (B) अरब सागरीय
(C) अनिश्चित अपवाह (D) आंतरिक अपवाह

52. राजस्थान की सीमा कितने राज्यों की सीमाओं से मिलती है?
(A) 5 (B) 6 (C) 4 (D) 3

53. राजस्थान के किस जिले में 'राष्ट्रीय जीवाश्म उद्यान' स्थित है?
(A) जोधपुर (B) जयपुर (C) बाड़मेर (D) जैसलमेर

54. निम्नलिखित में से कौनसा प्रभाग राजस्थान का स्थलाकृतिक प्रभाग नहीं है?
(A) अरावली या पहाड़ी क्षेत्र (B) विंध्य और मालवा सहित पठार
(C) थार और अन्य शुष्क क्षेत्र (D) पश्चिमी और पूर्वी घाट

55. राजस्थान में होने वाली वर्षा के लिए उत्तरदायी ग्रीष्मकालीन मानसूनी पवनें किस महासागर से आती हैं—
(A) प्रशांत महासागर (B) हिन्द महासागर
(C) अटलांटिक महासागर (D) आर्कटिक महासागर

56. राजस्थान की मूल भाषा कौन सी है?
(A) मारवाड़ी (B) ब्रज
(C) राजस्थानी (D) मेवाती

57. शेरशाह ने किस शासक के व्यवहार से रुष्ट होकर मारवाड़ पर आक्रमण किया?
(A) मालदेव (B) चन्द्रसेन
(C) राणा उदयसिंह (D) राव जोधा

58. 'राजस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ टूयरिज्म एंड ट्रेवल मैनेजमेंट (रिट्टमैन)' का मुख्यालय कहाँ स्थित है?
(A) जयपुर (B) उदयपुर
(C) बीकानेर (D) जोधपुर

59. चारबैत, जो राजस्थान की प्रचलित लोक गायन शैली है, कहाँ की प्रसिद्ध है?
(A) जैसलमेर (B) टोंक
(C) बाँसवाड़ा (D) श्रीगंगानगर

60. चम्पाकली आभूषण शरीर के किस अंग पर पहना जाता है—
(A) गर्दन (B) सिर (C) माथा (D) कान

61. 30 मार्च, 1949 को स्थापित वृहद् राजस्थान के प्रथम प्रधानमंत्री कौन थे?
(A) लाल बहादुर शास्त्री (B) गोकुल भाई भट्ट
(C) हीरालाल शास्त्री (D) मथुरादास माथुर

62. राजस्थान में 'दानचन्द चौपड़ा की हवेली' कहाँ स्थित है—
(A) बीकानेर (B) सुजानगढ़
(C) खेतड़ी (D) किशनगढ़

63. जोधपुर का प्रसिद्ध 'बादला' निम्नलिखित में से क्या है?

(A) लकड़ी का मंदिर (B) जस्ते से बनी पानी की बोतल
(C) जरी की साड़ी (D) टेराकोटा की मूर्तियाँ

64. 'राजपूताना' नाम का प्रयोग सर्वप्रथम कब और किसने किया था?
(A) 1800 जॉर्ज थॉमस (B) 1890 विलियम बेन्टले
(C) 1922 ई. सर जॉन (D) 1902 ई. लार्ड कर्जन

65. 1857 के विद्रोह के प्रति मेवाड़ के महाराणा की क्या नीति थी—
(A) विद्रोहियों को सहयोग (B) अंग्रेजों को सहयोग
(C) उदासीनता (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

66. 'भगत आंदोलन' किस क्षेत्र में शुरू हुआ था—
(A) उदयपुर, चित्तौड़गढ़ (B) डूँगरपुर, बाँसवाड़ा
(C) सिरोही, पाली (D) बाड़मेर, सिरोही

67. कालीबाई राजस्थान के किस आन्दोलन से सम्बन्धित है?
(A) बिजौलिया आन्दोलन (B) बेगू आन्दोलन
(C) रास्तापाल आन्दोलन (D) स्वदेशी आन्दोलन

68. अखैशाही सिक्के किस रियासत में प्रचलित थे—
(A) मारवाड़ (B) आमेर (C) जैसलमेर (D) मेवाड़

69. किस पुरा-स्थल पर चित्रित शैलाश्रय प्राप्त हुए हैं?
(A) बैराठ (B) कालीबंगा
(C) अहाड़ (D) बणावली

70. मेवाड़ प्रजामंडल की स्थापना किसकी अध्यक्षता में 1938 में हुई?
(A) नयनूराम शर्मा (B) कपूरचंद पाटनी
(C) जमनालाल बजाज (D) बलवंत सिंह मेहता

71. निम्नलिखित में से किस राजस्थानी परम्परा में, विवाह से पहले दुल्हन और दुल्हे को धागे से बाँधा जाता है और विवाह के बाद धागा हटा दिया जाता है—
(A) समेला (B) पहरावणी
(C) बड़ी पाडला (D) कंगन दोरदा

72. 'बिंदोरी' कहाँ का प्रमुख लोक नृत्य है?
(A) झालावाड़ (B) जयपुर (C) जोधपुर (D) करौली

73. वह लोकदेवता जिसे गोगाजी की भाँति 'नागों का देवता' के रूप में प्रसिद्धि प्राप्त है—
(A) तेजाजी (B) हड़बू जी
(C) भूटिया बाबा (D) उक्त कोई नहीं

74. राजस्थान में निम्न में से कौनसा त्योहार श्रावण मास में नहीं आता है?
(A) नाग पंचमी (B) तीज
(C) रक्षाबंधन (D) जन्माष्टमी

75. राजस्थान की कौनसी चित्रकला शैली चौरपंचाशिका शैली से मिलती-जुलती है?
(A) किशनगढ़ शैली (B) मेवाड़ शैली
(C) बीकानेर शैली (D) भरतपुर शैली

76. राज्य की नीति के निम्नांकित निदेशक तत्वों में से कौनसा एक 42वें संविधान संशोधन द्वारा अंतःस्थापित नहीं किया गया है?
(A) राज्य, विशिष्टतया, आय की असमानताओं को कम करने का प्रयास करेगा।
(B) बालकों एवं अल्पवय व्यक्तियों की शोषण से रक्षा की जाए।
(C) समान न्याय एवं निःशुल्क विधिक सहायता।
(D) उद्योगों के प्रबंध में कर्मकारों की सहभागिता।

77. पटवारियों की नियुक्ति किसके द्वारा की जाती है—
(A) राजस्व मंडल, राजस्थान द्वारा
(B) राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा
(C) जिला परिषद् द्वारा
(D) उक्त कोई नहीं

78. किस संविधान संशोधन द्वारा मूल कर्तव्यों को संविधान के सा[थ] जोड़ा गया है?
(A) 44वें संशोधन (B) 42वें संशोधन
(C) 41वें संशोधन (D) 45वें संशोधन

79. राज्य मुख्य सूचना आयुक्त अपने पद से मुक्त होना चाहे तो [वह] अपना त्यागपत्र संबोधित करेगा—
(A) प्रधानमंत्री को (B) राष्ट्रपति को
(C) राज्यपाल को (D) मुख्यमंत्री को

80. उपखण्ड स्तर के नीचे राजस्व प्रशासन हेतु प्रत्येक उपखण्ड [को] बाँटा गया है—
(A) जिलों में (B) संभागों में
(C) तहसीलों में (D) उक्त कोई नहीं

81. निम्नलिखित में से कौनसा एक मौलिक कर्त्तव्य नहीं है?
(A) राष्ट्रगान का सम्मान करना।
(B) राष्ट्रीय सम्पत्ति का बचाव करना।
(C) राष्ट्रीय महत्त्व के स्थानों और स्मारकों की रक्षा करना।
(D) प्राकृतिक वातावरण का संरक्षण और सुधार करना।

82. राज्यपाल की पदावधि के संबंध में संविधान में उल्लेखि[त] निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए?
1. राज्यपाल की पुनर्नियुक्ति नहीं की जा सकती है।
2. एक राज्यपाल 5 वर्ष के बाद भी तब तक पद पर बना रह सक[ता] है, जब तक उसका उत्तराधिकारी पद धारण न कर लें।

उपरोक्त में से असत्य कथन चुनिए—
(A) केवल 1 (B) केवल 2
(C) 1 और 2 दोनों (D) न तो 1, ना ही 2

83. राजस्थान की पहली विधानसभा में कितने सदस्य निर्वाचित हुए थे
(A) 150 (B) 140 (C) 160 (D) 170

84. तहसीलदार व नायब तहसीलदारों की नियुक्ति किस विभाग [द्वारा] की जाती है?
(A) पंचायती राज विभाग (B) राजस्व मण्डल
(C) गृह विभाग (D) वित्त विभाग

85. निम्नलिखित में से भारतीय संविधान का कौनसा अनुच्छेद, रा[ज्य] की विधायिका के कार्यकाल से संबंधित है

(A) 172 (B) 151 (C) 124 (D) 113

86. कोशिका सिद्धांत में संशोधन किसने प्रस्तुत किया—
(A) श्लाइडेन एवं श्वॉन (B) रूडोल्फ विरचोव
(C) रॉबर्ट हुक (D) मार्सेलो मैल्पीजी

87. क्रिक के अनुसार, आनुवंशिक सूचनाएँ केन्द्रक से बाहर की ओर ______ प्रवाह द्वारा प्रदत्त होती है।
(A) एक पथीय (B) चक्रीय (C) द्वि पथीय (D) प्रतिलोम

88. अवतल लेंस द्वारा उत्पन्न आवर्धन सदैव होता है—
(A) 1 से ज्यादा (B) 1 के बराबर
(C) 1 से कम (D) 1 से ज्यादा या 1 से कम

89. निम्न में से किसकी आघातवर्धनीयता अधिकतम है?
(A) सोना (B) पारा
(C) लीथियम (D) टाइटेनियम

90. अपशिष्टों के बारे में दी गई सूची में से सही शब्द को पहचानें?
(A) प्रकृति में कोई वास्तविक अपशिष्ट नहीं है
(B) एक प्रक्रिया से एकत्रित प्रत्यक्ष अपशिष्ट दूसरी प्रक्रिया के लिए इनपुट बन जाता है
(C) उपभोग और उत्पादन की सभी प्रक्रियाएं अपशिष्ट उत्पन्न करती हैं
(D) ऊपर के सभी

91. यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में स्थान बनाने वाला पहला भारतीय शहर कौन सा है?
(A) इंदौर (B) अहमदाबाद
(C) भुवनेश्वर (D) बेंगलुरु

92. राजस्थान राज्य कुश्ती संघ के नए अध्यक्ष बने हैं—
(A) देवेंद्र झाझरिया (B) राजीव दत्ता
(C) तेजस्वी गहलोत (D) मानवेंद्र सिंह

93. राजस्थान में भूमि सीमांकन की डिजिटल पहल 'नक्शा प्रोजेक्ट' का शुभारम्भ कब हुआ?
(A) 18 नवम्बर (B) 18 फरवरी
(C) 5 अगस्त (D) 10 अक्टूबर

94. मुख्यमंत्री कृषक साथी सहायता योजना के तहत सहायता राशि 50,000 रुपये से बढ़ाकर की गई है—
(A) 1 लाख रुपये (B) 2 लाख रुपये
(C) 2.5 लाख रुपये (D) 5 लाख रुपये

95. हाल ही में हरि दत्त कापड़ी का निधन हो गया, वह किस खेल से जुड़ें थे?
(A) क्रिकेट (B) बास्केटबॉल
(C) फुटबॉल (D) गोल्फ

96. भारत में जनजातीय खाद्य सुरक्षा बढ़ाने के लिए किस संस्थान ने नारंगी-मांस वाले शकरकंद की किस्म (एसपी-95/4) विकसित की है?
(A) आईसीएआर-भारतीय बागवानी अनुसंधान संस्थान
(B) आईसीएआर-केंद्रीय कंद फसल अनुसंधान संस्थान
(C) आईसीएआर-केंद्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान
(D) आईसीएआर-केंद्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान

97. वर्ष 2022-23 में राजस्थान देश में किन फसलों के उत्पादन में प्रथम स्थान पर रहा?
(A) गेहूँ, जौ, चना
(B) राई एवं सरसों, बाजरा, कुल तिलहन, पोषक-अनाज, ग्वार
(C) मक्का, कपास, गन्ना
(D) सोयाबीन, मूंगफली, अरहर

98. हाल ही में खबरों में रही धनसिरी नदी किस नदी की सहायक नदी है?
(A) गंगा (B) ब्रह्मपुत्र
(C) गोदावरी (D) नर्मदा

99. सामुदायिक बाजार को निम्नलिखित में से किस संगठन द्वारा विनियमित किया जाता है?
(A) NSE (नेशनल स्टॉक एक्सचेंज)
(B) SEBI (भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड)
(C) BSE (बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज)
(D) RBI (भारतीय रिजर्व बैंक)

100. भारत-मिस्र संयुक्त विशेष बल अभ्यास साइक्लोन-III कहाँ आयोजित हुआ?
(A) जैसलमेर फील्ड फायरिंग रेंज
(B) महाजन फील्ड फायरिंग रेंज, राजस्थान
(C) पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज
(D) अंशास, मिस्र

101. इंटरनेट पर प्रयोक्ता मशीन नहीं अपितु मनुष्य है, के निर्धारण हेतु चुनौती-प्रत्युत्तर परीक्षण कहलाता है—
(A) OTP (B) BARCODE
(C) CAPTCHA (D) Password

102. एम.एस. एक्सेल में बनाए गए चार्ट में डेटा श्रृंखलाओं अथवा श्रेणियों को दिये गये पैटर्न एवं रंगों की पहचान कराने वाला बॉक्स .......... कहलाता है—
(A) लेजेंड (B) चार्ट एरिया
(C) डाटा लेबल (D) प्लोट एरिया

103. हार्ड कॉपी को सॉफ्टकॉपी में बदलने हेतु ...... प्रयुक्त होता है एवं इसके विपरीत क्रियाविधि हेतु .......... प्रयोग में लिया जाता है—
(A) स्कैनर, मॉनीटर (B) प्रिन्टर, स्कैनर
(C) स्कैनर, प्रिंटर (D) माउस, की-बोर्ड

104. एक छोटा बूटस्टैप लोडर प्रोग्राम स्थित है—
(A) Hard Disk में (B) ROM में
(C) RAM में (D) इनमें से कोई नहीं

105. निम्नांकित में से कौनसा सिस्टम सॉफ्टवेयर का उदाहरण नहीं है—
(A) उबन्तु (UBUNTU) (B) एम.एस.वर्ड
(C) लाइनेक्स (D) विंडोज 10

106. 40 किमी प्रति घंटे की गति से चल रही एक ट्रेन द्वारा 150 किमी. की दूरी तय करने में लगने वाला समय है—
(A) 2 घंटे 35 मिनट (B) 3 घंटे 35 मिनट
(C) 2 घंटे 45 मिनट (D) 3 घंटे 45 मिनट

107. P तथा Q मिलकर एक कार्य को 20 दिन में पूरा कर सकते हैं। यदि P अकेला समान कार्य को 36 दिन में पूरा कर सकता है, तो Q अकेला समान कार्य को कितने दिन में पूरा कर सकता है?
(A) 45 दिन (B) 42 दिन
(C) 51 दिन (D) 48 दिन

108. किसी व्यापार में C की पूँजी A की पूँजी से 20% अधिक तथा B की पूँजी A की पूँजी से 50% अधिक है। यदि A, B और C के व्यापार में रहने का अनुपात 2 : 1 : 3 हो तो, A और C के लाभों कर योग क्या होगा, यदि B और C के लाभांशों का अन्तर ₹11025 है?
(A) ₹29400 (B) ₹27400
(C) ₹13005 (D) ₹28400

109. यदि ₹1,313 को $\frac{1}{3}:\frac{3}{5}:\frac{3}{4}$ के समानुपात में तीन भागों में विभाजित किया जाता है, तो दूसरा भाग इनमें से किसके बराबर होगा?
(A) ₹260 (B) ₹468
(C) ₹360 (D) ₹585

110. दो संख्याओं का अनुपात 15 : 26 है। यदि छोटी संख्या में 7 जोड़ दिया जाए तो अनुपात 2 : 3 हो जाता है। बड़ी संख्या क्या है?
(A) 39 (B) 65 (C) 52 (D) 78

111. ₹1296 की राशि $16\frac{2}{3}\%$ वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की दर से कितने वर्ष में ₹2401 हो जाएगी? (ब्याज वार्षिक देय है)
(A) 5 वर्ष (B) 4 वर्ष
(C) 3 वर्ष (D) 2 वर्ष

112. यदि ब्याज को वार्षिक रूप से संयोजित किया जाता है, तो ₹24,000 पर 10% प्रतिवर्ष की दर से 2 वर्षों के लिए चक्रवृद्धि ब्याज कितना होगा?
(A) ₹5,280 (B) ₹4,820
(C) ₹5,040 (D) ₹6,080

113. साधारण ब्याज की दर से यदि कोई मूलधन 5 वर्षों में मिश्रधन का 2/5 हो तो ब्याज दर है
(A) 15% (B) 30% (C) 32% (D) 34%

114. एक चुनाव में दो उम्मीदवार थे। एक उम्मीदवार ने कुल मतों का 41% मत प्राप्त किये तथा वह 5580 मतों से हार गया। कुल डाले गये मतों की संख्या बताओ?
(A) 30000 (B) 30500
(C) 31000 (D) 31500


115. एक आयत की लम्बाई में 20% वृद्धि करने तथा चौड़ाई में 20% कमी कर देने पर इसके क्षेत्रफल में कितने प्रतिशत कमी आएगी?
(A) 0.8% (B) 1.2% (C) 4% (D) 8%

116. किसी वस्तु को ₹96 में बेचने पर प्रतिशत लाभ का संख्यात्मक मान क्रय मूल्य के बराबर है तो उस वस्तु का क्रय मूल्य क्या है?
(A) ₹60 (B) ₹72 (C) ₹65 (D) ₹68

117. रवि ₹150 प्रत्येक पर 5 पेन, ₹100 प्रत्येक पर 2 पेंसिलें और ₹250 प्रत्येक पर 3 नोटबुक खरीदता है। रवि द्वारा प्रति वस्तु का औसत व्यय कितना है?
(A) ₹165 (B) ₹160 (C) ₹180 (D) ₹170

118. A, B और C एक ही समय पर एक वृत्ताकार स्टेडियम के इर्दगिर्द समान दिशा में दौड़ना शुरू करते है। एक समान बिन्दु से दौड़ना शुरू करके A उस वृत्ताकार स्टेडियम का एक चक्कर 252s में पूरा करता है, B इसे 308s में पूरा करता है और C इसे 198s में पूरा करता है। कितने समय बाद वे तीनों पुनः आरंभ बिन्दु पर एक साथ होंगे?
(A) 46 min (B) 45 min 11s
(C) 46s (D) 46 min 12 s

निर्देश (119-120): *नीचे दिये गये ग्राफ में किसी कम्पनी का पिछले सात वर्ष का आय तथा व्यय का ब्यौरा दिया गया है। इसे ध्यानपूर्वक पढ़े तथा नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दें।*




119. वर्ष 2002 से 2003 में खर्च में कितने प्रतिशत कमी आई?
(A) 26.4% (B) 27.3%
(C) 28.1% (D) 25.8%

120. वर्ष 2001 से 2002 में आय में कितने प्रतिशत वृद्धि रही?
(A) 55% (B) 65%
(C) 75% (D) 43%

## उत्तरमाला ● प्रैक्टिस पेपर-1

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **1.**(A) | **2.**(A) | **3.**(D) | **4.**(D) | **5.**(C) | **6.**(B) | **7.**(A) | **8.**(D) | **9.**(A) | **10.**(A) |
| **11.**(B) | **12.**(A) | **13.**(A) | **14.**(C) | **15.**(D) | **16.**(C) | **17.**(B) | **18.**(D) | **19.**(A) | **20.**(D) |
| **21.**(B) | **22.**(B) | **23.**(C) | **24.**(D) | **25.**(C) | **26.**(A) | **27.**(C) | **28.**(B) | **29.**(D) | **30.**(B) |
| **31.**(A) | **32.**(B) | **33.**(D) | **34.**(A) | **35.**(C) | **36.**(C) | **37.**(A) | **38.**(C) | **39.**(B) | **40.**(D) |
| **41.**(A) | **42.**(B) | **43.**(B) | **44.**(D) | **45.**(A) | **46.**(B) | **47.**(D) | **48.**(C) | **49.**(B) | **50.**(D) |
| **51.**(A) | **52.**(A) | **53.**(D) | **54.**(D) | **55.**(B) | **56.**(C) | **57.**(A) | **58.**(A) | **59.**(B) | **60.**(A) |
| **61.**(C) | **62.**(B) | **63.**(B) | **64.**(A) | **65.**(B) | **66.**(B) | **67.**(C) | **68.**(C) | **69.**(A) | **70.**(D) |
| **71.**(D) | **72.**(A) | **73.**(A) | **74.**(D) | **75.**(B) | **76.**(A) | **77.**(A) | **78.**(B) | **79.**(C) | **80.**(C) |
| **81.**(C) | **82.**(A) | **83.**(C) | **84.**(B) | **85.**(A) | **86.**(B) | **87.**(A) | **88.**(C) | **89.**(A) | **90.**(D) |
| **91.**(B) | **92.**(B) | **93.**(B) | **94.**(B) | **95.**(B) | **96.**(B) | **97.**(B) | **98.**(B) | **99.**(B) | **100.**(B) |
| **101.**(C) | **102.**(A) | **103.**(C) | **104.**(B) | **105.**(B) | **106.**(D) | **107.**(A) | **108.**(A) | **109.**(B) | **110.**(D) |
| **111.**(B) | **112.**(C) | **113.**(B) | **114.**(C) | **115.**(C) | **116.**(A) | **117.**(D) | **118.**(D) | **119.**(B) | **120.**(C) |